# जिले भर में धूमधाम से मनाया गया आजादी का पर्व



**नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नरसिंहपुर में 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक द्वारा भाजपा नेताओं, पदाधिकारियो व जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में राष्ट्रध्वज का ध्वजारोहण किया गया एवं समस्त जिलेवासियों एवं कार्यकर्ताओ को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की तत्पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पार्टी के पितृपुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं.अटल बिहारी वाजपेई की मोतियों पर कार्यकर्ताओ के संग माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए।

कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए अपने संक्षिप्त उद्बोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष राम स्नेही पाठक ने कहा कि लाखों लोगों के बलिदान के बाद देश को आजादी मिली है। आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वालो का बलिदान व्यर्थ न जाए इसकी चिंता एक-एक कार्यकर्ता को करना है। आज देश और प्रदेश सशक्त और मजबूत हाथों में है। आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर आगे बड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी हर वर्ग, हर क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखकर योजनाएं बना रहे हैं और इसी का परिणाम है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जो जनहित के कार्य हो रहे हैं, उन्हें जन-जन पहुंचाने का कार्य हम सबको करना है। मध्यप्रदेश को सशक्त और विकसित प्रदेश बनाने के लिए हमें अपना अमूल्य योगदान देना होगा। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल पूर्व जिलाध्यक्ष अभिलाष मिश्रा महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, जिला महामंत्री डॉ.हरगोविंद सिंह पटैल, ठाकुर राजीव सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी गण जनप्रतिनिधि गण एवं जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## इंडियन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन



**नरसिंहपुर।** 17 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर इंडियन पब्लिक स्कूल उमरिया में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। विद्यालय प्रांगण देशभक्ति की भावना से सराबोर रहा। राव मुकेश लोधी के द्वारा ध्वजारोहण के बाद बच्चों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से आज़ादी का महत्व और बलिदानियों की गाथा प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राव मुकेश लोधी, विशिष्ट अतिथि युवराज लोधी, विद्यालय डायरेक्टर एवं संचालक विवेक कुमार लोधी, विद्यालय प्राचार्या मनीषा लोधी तथा गरिमा ज्ञान मंदिर की प्राचार्या अनीता शर्मा उपस्थित रहे। छोटे छोटे बच्चों ने देश भक्ति गीत गाकर, संस्कृत के श्लोकों और साथ ही अंग्रेजी भाषा में स्पीच देकर वातावरण को ओज देशभक्ति और संस्कृति से परिपूर्ण बना दिया, बेटियों ने देशभक्ति गानों पर मनहर प्रस्तुतियां दी और सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों से बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

**अतिथियों ने दिए प्रेरणादायक संदेश:** मुख्य अतिथि राव मुकेश लोधी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें बलिदानियों की याद दिलाता है और हर नागरिक का दायित्व है कि वह देश की प्रगति में योगदान दे। विशिष्ट अतिथि राव युवराज लोधी ने कहा कि शिक्षा ही वास्तविक स्वतंत्रता का मार्ग है। विद्यालय के डायरेक्टर विवेक कुमार लोधी ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) के तहत नो बैग डे पहल की जानकारी दी। उन्होंने कहा इुहर माह के पहले और तीसरे शनिवार बच्चे बिना बैग के विद्यालय आएंगे और खेल, कला, वाद-विवाद, प्रायोगिक गतिविधियों व जीवनोपयोगी कौशलों को सीखेंगे। यह पहल बच्चों के तनाव को कम करने और उनकी रचनात्मकता बढ़ाने का प्रयास है। साथ ही विद्यालय प्राचार्या मनीषा लोधी ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में जिम्मेदारी और देशप्रेम की भावना जगाते हैं, जो हमारे विद्यालय का लक्ष्य भी है।



## पूर्व विधायक सुनील जायसवाल ने किया झंडारोहण

**नरसिंहपुर।** प्रति वर्ष के अनुसार नरसिंहपुर के पुराने बस स्टेंड पर अयोजित कार्यक्रम के अनुसार 15 अगस्त के दिन म.प्र. कंग्रेस कमेटी के महासचिव तथा पुर्व विधयक ने भरी संख्या में उपस्थित जनसमूह के बीच झंडा रोहण किया इस अवसर पर मनीष साहू उपध्यक्ष, मैथली शरण तिबारी, विवेक पटेल, चंद्रप्रकाश यादव, रोहित पटेल, शनी केशरवनी, रवि झारिया, अभय राय, गोपाल दुवे, गुलशेर खान, बावी खान, मुकेश कटारे, अजय मालवीय, कुसुम साहू, गोलु राय, सहित कई कांग्रेसी तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## अखंड भारत संकल्प दिवस पर स्कूलों में हुये विविध आयोजन

**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार को अखंड भारत संकल्प दिवस के अवसर पर तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में विविध आयोजन संपन्न हुये।इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं नगर के प्रतिष्ठित जनों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। अलग-अलग वक्ताओं ने अलग-अलग विद्यालयों में मुख्य वक्ता के रुप में पहुंच कर भारत की एकता अखंडता को लेकर काफी विस्तार पूर्वक प्रेरक व्याख्यान दिया। भारत को अखंड बनाने की दिशा में सभी वर्गों को संगठित भाव से मिलकर काम करने के साथ देश विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देने की बात कही।



## धूमधाम से मनाई गई स्वाधीनता की वर्षगांठ, स्कूली छात्रों ने निकाली प्रभातफेरियां

**तेंदूखेड़ा।** स्वाधीनता दिवस की 79 वर्षगांठ तेंदूखेड़ा सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में परम्परागत तरीके से धूमधाम से मनाई गई।इस मौके पर स्कूली छात्र छात्राओं ने जय घोष करते हुए प्रभात फेरियां निकाली मुख्य स्थलों के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने ध्वजारोहण किये।स्कूलों में बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जिन्हें जनप्रतिनिधियों द्वारा पुरुस्कृत किया गया। तेंदूखेड़ा के स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारकों तथा गांधी चौक पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया गया। स्वतंत्रता सेनानी स्व रामचंद्र राय के स्मारक पर अनुविभागीय अधिकारी गांधी ज्ञान मंदिर वाचनालय का नगरपरिषद उपाध्यक्ष नगर परिषद का अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने ध्वजारोहण किया। एन सी सी के कैडेटों द्वारा परेड प्रदर्शन कर सलामी दी गई।साथ ही नगर के वार्ड क्रमांक 03 में टाल मुहल्ला में पूर्व विधायक संजय शर्मा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।इन सभी कार्यक्रमों में नगर के सभी गणमान्य नागरिक एवं स्कूली छात्र छात्राएं शामिल रहे। बच्चों को मिठाइयां बांटी गई। सभी संस्था प्रधानों ने अपने अपने संस्थानों में ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंचों ने ग्राम पंचायतों में स्कूलों के प्रधान पाठकों प्राचार्यों ने अपनी-अपनी संस्थाओं में ध्वजारोहण किया।

**आदिवासी समाज ने निकाली तिरंगा रैली :** तेंदूखेड़ा क्षेत्र से लगे आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के आदिवासी समाज ने जनपद पंचायत अध्यक्ष शोभरन सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष आयुष रघुवंशी अमर शहीद के वंशज रामकुमार ठाकुर, बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने अपनी अपनी श्रंद्धाजलि पुष्पांजलि अर्पित की गई।

## आजादी पर्व को मनाया बैंकों ने एंटरटेनमेंट और इंजॉय का दिन



**करेली।**अमित वर्मा। 100 सालों तक भारत अंग्रेजों की गुलामी में था और आजादी पाने के लिये भारत के अनगिनत लाखों लोगों नें जान की कुर्बानी दी तब देश आजाद हुआ। गुलामी से आजादी पाने के लिये खुशियों का पर्व स्वतंत्रता दिवस है जिसे देश के हर संस्था और नागरिकों को मनाने का कर्तव्य समझना चाहिए। सरकार ने आजादी की महत्वपूर्णता को देश के हर दिलों में जगाने के लिए घर-घर झंडा फहराने की मुहिम चलाई है ताकि हर व्यक्ति आजादी मिलने की महत्वपूर्णता को समझे कि आजादी पाने के लिए अनगिनत मां ने बेटा अनगिनत पत्नियों ने सुहाग की कुर्बानी दी है तब जाकर हम गुलामी से आजाद हुए हैं किन्तु इस मुहिम को करेली के अधिकांश बैंकों ने नहीं समझा और आजादी पर्व को छुट्टी का दिन समझ लिया। करेली में लगभग 16 बेंक है जिनमें से 6 बेंकों में झंडा फहराया गया है बाकी के 10 बैंक ने झंडा नहीं फहराया है। हमारे संवाददाता ने जब स्थानीय लोगों से बातचीत की तो नाम ना बताने की शर्त पर उनका कहना है कि बेंक मेनेजर और कर्मचारियों ने आजादी पर्व को छुटटी का दिन समझकर इंटरटेनमेंट कर एंज्याय किया है।



## प्राचार्य एवं बच्चों को किया सम्मानित

**तेंदूखेड़ा।** उत्कृष्ट कार्यों के साथ बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्वाधीनता दिवस के अवसर पर समारोह पूर्वक डोभी क्षेत्र के जनपद सदस्य सूर्यकांत दिवगैंया पूर्व जिला पंचायत सदस्य वंदना पटेल सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र पटेल के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शासकीय सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य अंजेश कुमार पटैल को संस्था में किए जा रहे नवाचारों एवं बोर्ड परीक्षा परीणाम कक्षा 10 12 वीं में प्रथम श्रेणी प्राप्त की और कक्षा 12वीं में भी शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा, तथा संस्था में बैग लैस डे पर आयोजित होने वाली नवाचारी गतिविधियों, एवं विद्यालय में बेहतर गतिविधि तथा कुशल संचालन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर संस्था परिवार के साथ सभी जनप्रतिनिधियों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की



## तिरंगा अभियान में कराई चित्रकला प्रतियोगिता

**गाडरवारा।** गत दिवस हर घर तिरंगा अभियान के तहत ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में चित्रकला का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने तिरंगे के आकर्षक चित्र बनाये एवं जय हिंद, वन्दे मातरम के नारे लगाए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने तिरंगा अभियान के संदेश को अपने आसपास के लोगों तक पहुंचाने की अपील बच्चों से की। इस अवसर पर प्रधानपाठक दशरथ प्रसाद जाटव, मधुसूदन पटैल, विवेक नाईक, देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर सहित स्कूली छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शंकराचार्य की भेंट की प्रतिमा

**गोटेगांव।** तहसील के अंतर्गत ग्राम श्रीनगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के खास अवसर पर श्रीनगर के समाजसेवियों के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ब्रम्हलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की प्रतिमा भेंट की गई, समाजसेवी मुन्नालाल यादव ने कहा कि सरकारी दफ्तरों में स्कूलों में तो महापुरुषों की व संवैधानिक व्यक्तियो की प्रतिमा रहना लाजमी है लेकिन हमारे ही



क्षेत्र के एवं सनातन धर्म के सर्वश्रेष्ठ पद पर रहने वाले ब्रम्हलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज भी स्वतंत्रता संगम सेनानी थे जिन्होंने आजादी के लिए बेहद संघर्ष किया अनेकों बार जेल भी गए शंकराचार्य जी की प्रतिमा ना कोई दफ्तरों में है ना स्कूलों में है इसी तारतम्य में वरिष्ठ समाजसेवी इमारत लाल प्रजापति, मुन्ना लाल यादव ,राम प्रसाद साहू के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्रीनगर को प्रतिमा सप्रेम भेंट कर अपने विद्यालयों में महत्वपूर्ण स्थान देने का आग्रह किया साथ विद्यालय में मौजूद शिक्षकों का शाल श्रीफल से स्वागत किया गया।



## देशभक्ति की उमंग में डूबा यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल

**गोटेगांव।** यूनिवर्सल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल गोटेगांव में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर अरविंद पटेल द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के छात्रों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण और नाट्य प्रस्तुतियों जैसे विविध रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनसे वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो उठा। इस अवसर पर छात्र संसद का गठन किया गया, जिसमें स्कूल प्रीफेक्ट के रूप में जयश्री राजपूत, उप कप्तान के रूप में दीक्षा कुशवाहा, रेड हाउस कैप्टन कृष्णा राजपूत, ग्रीन हाउस कैप्टन कौशल्या प्रजापति, एवं यलो हाउस कैप्टन यशपाल पटेल को चयनित किया गया।

### सुभाष पार्क में जिला कांग्रेस कमेटी के ध्वजारोहण

**नरसिंहपुर।** सुभाष पार्क में जिला कांग्रेस कमेटी के ध्वजारोहण कार्यक्रम में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री मनीष साहू जी ने ध्वजारोहण कर सभी को शुभकामनाएं दी।



### काम करो ऐसा की पहचान बन जाए



**साइखेड़ा।** काम करो ऐसा की पहचान बन जाए कदम रखो ऐसा कि निशान बन जाए नगर परिषद साइखेड़ा में शुक्रवार को 79वा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया नगर परिषद साइखेड़ा में आयोजित कायक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों नाटक और नृत्य कार्यक्रम से आजादी के पर्व को श्रद्धांजलि दी एवं वीरों की कुर्बानियों की याद किया गया।

### सांगई में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे प्रधानपाठक दशरथ प्रसाद जाटव ने तिरंगा झंडा फहराया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की ओर से बच्चों को लेखन सामग्री प्रदान की गई जिसका वितरण पूर्व सरपंच एवं वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि कैलाश गुर्जर, भरत केवट सहित अन्य द्वारा किया गया।



### एक नजर में

## सुनीता पटेल नरसिंहपुर कांग्रेस जिला अध्यक्ष नियुक्त



**गाडरवारा।** की पूर्व विधायक जुझारू नेता श्रीमती सुनीता पटेल को जिला नरसिंहपुर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई।

## गुरुकुल हायर सेकेंडरी स्कूल में हर्षोल्लास से मनाई कृष्ण जन्माष्टमी

**गोटेगांव।** हिंदू धर्म श्री कृष्ण जन्माष्टमी भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक है कृष्ण जन्माष्टमी का त्योंहार भगवान श्री कृष्ण के जन्म के रूप में मनाया जाता है यह पर्व भारत सहित विश्व के विभिन्न हिस्सों में धूमधाम से मनाया जाता है । बच्चों और युवाओं में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह रहता है , जन्माष्टमीपर्व श्री कृष्ण को भगवान विष्णु का आठवां अवतार माना जाता है, श्री कृष्ण के जन्म के समय विशेष पूजन अर्चन आरती वंदन एवं विभिन्न संस्थानों में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं, इसी श्रृंखला में मुरदई रोड पर स्थित नगर की प्रतिष्ठित संस्थान गुरुकुल इंटरनेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर नन्हे मुन्ने बच्चों को श्री कृष्ण स्वरूप आकर्षक मनमोहक झांकियां बनाकर तैयारकर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया । जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने बहुत ही उत्साह से भाग लिया इस प्रतियोगिता में विजेता सायमा बी को प्राचार्या श्रीमती करुणा सुरेंद्र दुबे एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा पुरस्कार से सुशोभित किया गया, साथ ही श्री कृष्ण जन्माष्टमी के बारे में विस्तृत तरीके से नन्हे मुन्ने बच्चों को बतलाया के अवसर पर समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं नन्हे मुन्ने बच्चे उपस्थित थे !

## यदि कोई मानवीय आहार है तो वह शाकाहार ही है

**गोटेगांव।** हमारे अपने देश भारत मे 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ मनाई गई। भारत विश्व गुरु है।भारत ने ही सारे विश्व को अहिंसा परमो धर्म का पाठ पढ़ाया है। यदि अहिंसामयी भारत में राष्ट्रीय पर्वों एवं जैन धर्म के महापर्व पर्यूषण पर्व पर मांस मदिरा पर प्रतिबंध लगता है, तो यह विश्व गुरु भारत की सारे विश्व के लिए अहिंसात्मक, धर्ममयी मार्ग की एक प्रेरणात्मक,श्रेष्ठ सोच होगी। जब मुगलकालीन शासन में जहांगीर के शासन में जैन धर्म के पर्यूषण पर्व पर मांस मदिरा पर पूर्णत- प्रतिबंध होकर स्लाटर हाउस बंद रखे जाते थे। तो आज तो भारत स्वतंत्र है। इसलिए संपूर्ण भारत में 15 अगस्त 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय पर्व एवं जैन धर्म का महान अहिंसामयी पर्युषण पर्व पर भी मांस ,मदिरा, स्लाटर हाउस बंद होना चाहिए। यह सर्वश्रेष्ठ मानव समाज सर्वहितकारी बात गोटेगांव नगर में विराजमान मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागर जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा यदि आज कोई मानवीय आहार है तो यह




शाकाहार ही है। मनुष्य प्राकृतिक शाकाहारी है। लेकिन विकृति एवं मिथ्या ज्ञान के कारण मनुष्य मांसाहारी बन जाते हैं। चाहे विज्ञान हो या धर्म की दृष्टि, दोनों ही दृष्टि से देखो तो शाकाहारी ही सर्वश्रेष्ठ है। सभी जैनियों को लोगों को शाकाहारी बनाने प्रेरित करना चाहिए। शाकाहार को जीवन पर्यंत निष्कलंक रखना चाहिए।अहिंसा और शाकाहार को विश्व व्यापी बनाना चाहिए तभी दया, करुणा, अहिंसा का ध्वज फहराता रहेगा और तभी यह भारत विश्व गुरु की परंपरा चलती रहेगी। मुनि श्री ने उन तथाकथित लोगों की मनोदशा बतलाते हुए कहा कि मुंह में राम, बगल में छुरी वाली नीति नहीं रखना चाहिए। यह धर्म है आपको तन मन धन से धर्म, श्रेष्ठ समाज निर्माण करने के साथ ही दूसरों पर आई विपत्तियों को दूर करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।

जैन धर्म श्रेष्ठ है, तो श्रावकों को भी श्रेष्ठता के ही काम करना चाहिए। इसके लिए केवल दृष्टि बदलने की जरूरत है, क्योंकि दृष्टि बदले बिना धर्म नहीं आएगा, ध्यान रखें कि सृष्टि को बदलना हिंसा है, लेकिन दृष्टि को बदलना अहिंसा है।

## राजमार्ग चौराहे पर फिर पलटा कंटेनर

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 एवं 44 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग के बीच राजमार्ग चौराहे पर आये दिन दुर्घटना घटित होना अब आम बात हो गई है।एक कंटेनर भारी बड़े पाइप लेकर जा रहा था कि अचानक अंसतुलित होकर पलट गया। जिससे कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया ।बाद में धीरे-धीरे शुरू हुआ ।हालांकि इस बार कोई व्यक्ति कंटेनर के नीचे नहीं दबा। पूर्व में यहां पर घटित हुई घटनाओं में यहां पर खड़ी मारुति कार एवं एक दुकान कंटेनर घुसने से मौतें भी हो चुकी है। फिर भी प्रशासन ने सुधार की दिशा में अभी तक कोई उचित व्यवस्था नहीं बनाई है। चौराहे पर सड़क मार्ग पर फैले अतिक्रमण दुकानों के कारण भारी बाहनों को हमेशा आवागमन में परेशानी हुआ करती है।एन एच आई द्वारा निर्धारित मापदंडों को ध्यान में रखे बगैर ही अपनी मनमानियों के कारण इन गतिविधियों को जन्म दिया है।जो आज गले की फांस बनें हुए हैं।

